>

Title: Need to include Aurangabad under Jawahar Lal Nehru National Urban Renewal Mission.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराÂष्ट्र) : मेरा संसदीय क्षेत्र सम्भाजीनगर (औरंगाबाद) भारत का एक महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल है। यहां विश्व धरोहर अजंता-एलोरा होने के कारण इस शहर का अपना अलग महत्व है। यहां बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ पूरे देश से लोग आते हैं। इस शहर की एक प्रमुख समस्या पेयजल की है। महाराÂष्ट्र सरकार के माध्यम से औरंगाबाद नगरपालिका ने शहरी विकास मंत्रालय में JNNURM योजना के अंतर्गत प्रस्ताव डाला है। इस शहर की आज की जनसंख्या 10 लाख से ऊपर की है। मैं माननीय प्रधान मंत्री एवं माननीय शहरी विकास मंत्री से निवेदन करता हूं कि इस ऐतिहासिक शहर की, जहां दिन-प्रतिदिन पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है, पेयजल की समस्या के समाधान के लिए इस योजना को स्वीकृति दें। जिस प्रकार नांदेड़ शहर को स्पेशल केस में इस योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। उसी प्रकार औरंगाबाद शहर को भी में स्पेशल केस में JNNURM में लें।